हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026
[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

A Project By
AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.
SINCE 1994...

RERA No : PCGRERA230126002033

Vijaya श्री Heritage

62 Premium
APARTMENTS
3 & 4 BHK Premium Apartments

EXCEPTIONAL LUXURY IS ALL YOURS AT JUST 1% MONTHLY EMI.

1% PAY MONTHLY EMI
0% Interest
WITH JUST 25% (10%+15% Plinth Level)
BOOKING AMOUNT

* T&C Apply


• Grand Entrance • Elite Clubhouse • Open Terrace Garden • In-house Gymnasium



SCAN THIS QR FOR DETAILED BROCHURE

Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur (C.G.)

A NEW ERA OF PROSPERITY, PROGRESS & POWER BEGINS NOW



BALAJI
ARPA COMPLEX

IDEAL COMMERCIAL SPACES FOR:
• Corporate Offices
• Hospital & Clinics
• Coaching Institutes
• Service Centres
• Banks • Super Market
• Hotels & Restaurants

RERA NO.: PCGRERA260224001735 | Site Address: Guruvihar, Kapil Nagar, Sarkanda, Bilaspur (C.G.)

AADHARSHILA BUILDERS PVT.LTD.
AADHARSHILA BUILDERS PVT. LTD.
Corporate Address: Infront of Chhattisgarh Bhawan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)
CALL NOW:
9826533344, 9300321527

खबर संक्षेप

परिजन के डाटने के डर से छात्रा ने पी ली जहर, मौत

अम्बिकापुर। परिजन को बिना बताए पिछले छह दिन से सहेली के घर रह रही छात्रा ने परिजन के डाटने के डर से कीटनाशक पी लिया। परिजन छात्रा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम डकवा सड़कपारा निवासी स्नेहा मिंज आ. बीरचंद मिंज (15 वर्ष) कक्षा 9वीं की छात्रा थी। 1 अक्टूबर को घर पर थी तभी गांव के ही रीना और मनीषा उसके घर आए और स्नेहा को बधिमा बाजार घूमने जाने की बात कही। तीना शाम को बाजार चले गए जिसके बाद स्नेहा घर नहीं आई। 7 अक्टूबर की दोपहर स्नेहा की छोटी बहन चांदनी मिंज पिता को बताई कि स्नेहा ढोढ़ीपारा रोड के पास कुछ दवा खा ली है और उल्टी कर रही है। घटना की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और कीटनाशक का गंध जाने पर तत्काल उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसी बीच पूछताछ में छात्रा ने बताई कि वह खैरबार निवासी सहेली के घर में थी और परिवार वालों के डाटने के डर से कीटनाशक पी लिया। निजी अस्पताल में लंबे समय तक इलाज चलने के बाद बीती रात छात्रा की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

मजदूर ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

अम्बिकापुर। रघुनाथपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिलसिला स्थित मां कुदरगढ़ी मिनरल रिफाइनरी फैक्ट्री की मजदूर कॉलोनी में एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में काम करने वाले श्रमिकों के बीच हड़कंप मच गया। युवक ने यह कदम क्यों उठाया, फिलहाल इसका पता नहीं चल सका है। बिहार के जिला सिवान अंतर्गत ग्राम भेखपूर्वा निवासी अभिमन्यु शाह आ. संपत शाह (22 वर्ष) मां कुदरगढ़ी मिनरल रिफाइनरी फैक्ट्री में हेल्पर के पद पर काम करता था और फैक्ट्री परिसर में स्थित मजदूर कॉलोनी के एक कमरे में रहता था। 21 अक्टूबर को अभिमन्यु ने दोपहर करीब एक बजे तक ड्यूटी की। इसके बाद वह अपने कमरे में चला गया। दोपहर 2 बजे से उसकी दोबारा ड्यूटी थी, लेकिन वह काम पर नहीं पहुंचा। शाम करीब 5 बजे उसके साथ काम करने वाला एक व्यक्ति उसे देखने कमरे पर पहुंचा। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने पर उसने इसकी सूचना फैक्ट्री के अन्य कर्मचारियों को दी। इसके बाद किसी तरह कमरे का दरवाजा खोला गया। अंदर अभिमन्यु गमछे के सहारे फांसी पर लटका मिला। उसे नीचे उतारकर तत्काल एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। आज परिजन के आने के बाद मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

ट्रेलर ने एक्सयूवी कार को मारी टक्कर

बिश्रामपुर। प्रयागराज में अस्थि विसर्जन कर अपने गांव लौट रहा पटेल परिवार लटोरी चौकी क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में सड़क हादसे का शिकार हो गया,तेज रफ्तार ट्रेलर की टक्कर से एक्सयूवी कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया,वहीं कार में सवार कई लोगों को चोटें आईं हैं। घायलों का अम्बिकापुर और बिलासपुर के अस्पतालों में उपचार जारी है। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक रिश्तेदार को सिम्स से रेफर किए जाने के बाद अपोलो अस्पताल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पिपरदा निवासी प्रार्थी नरोत्तम प्रसाद पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि उनके बड़े भाई रामेश्वर प्रसाद पटेल परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के साथ 20 अक्टूबर को अस्थि विसर्जन के लिए प्रयागराज गए हुए थे। धार्मिक कार्य संपन्न करने के बाद सभी 21 अक्टूबर को एक्सयूवी कार क्रमांक सीजी 11 बीटी 4871 से अपने गांव लौट रहे थे। तभी रात करीब 11 बजे उनकी कार को कल्याणपुर के पास सामने से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 10 बीवाई 5199 के चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए टक्कर मार दी। रिपोर्ट के अनुसार हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए अम्बिकापुर के लाइफलाइन अस्पताल ले जाया गया।

कनेक्शन कटने के बावजूद अवैध उपयोग करने वालों पर कार्रवाई

बिजली चोरी पर शिकंजा, 58 स्मार्ट मीटर की जांच, 28 मामले में पंचनामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के पत्थलगांव में बिजली चोरी एवं बकाया बिलों का भुगतान किए बिना अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 58 स्मार्ट मीटर कनेक्शनों की जांच की गई, जिनमें 28 उपभोक्ताओं द्वारा अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जाना पाया गया। इन मामलों में स्थल निरीक्षण प्रपत्र तैयार कर पंचनामा की कार्रवाई की गई।



तीन विशेष जांच दल का गठन

कार्यपालन यंत्री सजेंद्र प्रसाद के निर्देशन में तीन विशेष जांच दल का गठन किया गया। जांच दल के प्रमुख सहायक यंत्री पत्थलगांव केके देशमुख, कनिष्ठ यंत्री लुड़ेग शैलेश भगत एवं कनिष्ठ यंत्री कोतबा अरुण तिग्गा शामिल थे। जांच दल ने विशेष रूप से ऐसे उपभोक्ताओं के परिसरों का निरीक्षण किया गया, जिनके स्मार्ट मीटर के माध्यम से बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं करने के कारण ऑनलाइन विद्युत आपूर्ति विच्छेदित कर दी गई थी। जांच के दौरान पाया गया कि कुछ उपभोक्ता विद्युत कनेक्शन विच्छेदित होने के बावजूद अनधिकृत तरीके से बिजली का उपयोग कर रहे थे।

28 उपभोक्ताओं के विरुद्ध पंचनामा

अभियान के अंतर्गत कुल 58 कनेक्शनों की जांच में 28 उपभोक्ताओं अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते पाए गए।इन सभी उपभोक्ताओं पर 12.70 लाख रुपए राशि बकाया थी। जांच दल ने संबंधित परिसरों का स्थल निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया। संबंधित उपभोक्ताओं को तीन दिवस के भीतर बकाया विद्युत बिल का भुगतान करने की हिदायत दी गई है। निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किए जाने पर नियमानुसार विशेष विद्युत न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर कुनकुरी पत्थलगांव सड़क निर्माण में तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले की महत्वपूर्ण कुनकुरी–पत्थलगांव सड़क के निर्माण कार्य में तेजी आई है। करीब 125 करोड़ रुपये की लागत से 65 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। सड़क के साथ ही पुल-पुलियों का निर्माण भी प्राथमिकता से किया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही आवागमन की परेशानी से जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।

- 125 करोड़ की 65 किमी लंबी सड़क का निर्माण जारी, जल्द पूरा होगा इंतजार
- कुनकुरी, कांसाबेल और पत्थलगांव के लोगों को मिलेगी बेहतर आवागमन सुविधा

कुनकुरी से कांसाबेल होते हुए पत्थलगांव एवं राजधानी रायपुर सहित अन्य पड़ोसी राज्य जाने वाला यह मार्ग जिले की यातायात व्यवस्था के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। लंबे समय से सड़क निर्माण की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए निर्माण कार्य में आई तेजी राहत और उम्मीद की नई किरण लेकर आई है। सड़क के अधूरे हिस्सों में निर्माण कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है, वहीं पुल-पुलियों के निर्माण के लिए आवश्यक डायवर्सन की व्यवस्था भी की गई है, ताकि निर्माण के दौरान आवागमन बाधित न हो। कुनकुरी, कांसाबेल और पत्थलगांव सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह सड़क आवागमन का प्रमुख माध्यम है। सड़क के बेहतर होने से ग्रामीणों, विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों और अन्य यात्रियों को सुविधा मिलेगी। साथ ही कृषि उपज के परिवहन, स्थानीय व्यापार और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलने की संभावना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिले में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में सड़क अधोसंरचना का विकास महत्वपूर्ण कदम है। कुनकुरी–पत्थलगांव सड़क का निर्माण पूरा होने से न केवल यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी, बल्कि क्षेत्र के विकास और लोगों की दैनिक जरूरतों को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। वर्षों से बेहतर सड़क की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों को अब इस महत्वपूर्ण परियोजना के जल्द पूर्ण होने की उम्मीद है।

एथलीट अनिमेष का कुनकुरी में भव्य स्वागत, निकली बाइक रैली

जशपुरनगर। एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतकर देश और जशपुर जिले का नाम रोशन करने वाले अंतरराष्ट्रीय एथलीट अनिमेष कुजूर का शनिवार को कुनकुरी पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत में बाइक रैली निकाली गई। आतिशबाजी और जयकारों के बीच जय स्तंभ चौक पर आयोजित अभिनंदन समारोह में लोगों ने फूल-मालाओं से उनका सम्मान किया।

अपने चहेते खिलाड़ी की एक झलक पाने के लिए खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों में खासा उत्साह नजर आया। अनिमेष कुजूर अपने पिता अमृत कुजूर और माता रीना कुजूर के साथ कुनकुरी पहुंचे। उनके आगमन पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए उनकी खेल उपलब्धि पर गर्व जताया। अंतरराष्ट्रीय खेल मंच पर पदक जीतने वाले जिले के इस खिलाड़ी को सम्मानित करने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे।



गिनाबहार से निकली बाइक रैली जय स्तंभ चौक पर हुआ अभिनंदन

स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत गिनाबहार के अटल चौक से हुई। यहां से बाइक रैली निकाली गई, जो बाजार डांड रोड होते हुए कुनकुरी बस स्टैंड पहुंची। इसके बाद मेन रोड से होते हुए रैली जय स्तंभ चौक पहुंची। पूरे रास्ते उत्साह का माहौल रहा। आतिशबाजी और जयकारों के बीच अनिमेष का स्वागत किया गया। जय स्तंभ चौक पर आयोजित समारोह में उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। युवाओं के लिए प्रेरणा बने अनिमेष अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए अनिमेष कुजूर ने स्वागत के लिए उपस्थित लोगों का आभार जताया।

पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन हेतु 31 तक विशेष अभियान

जशपुरनगर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के अनुपालन में जशपुर जिले में छूटे हुए एवं नये पात्र युवा मतदाताओं के पंजीयन के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अरायपुर भियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करना है, जिनका नाम अब तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है। विशेष अभियान के अंतर्गत 17 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके युवाओं तथा 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं के मतदाता पंजीयन की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा।

वार्डवासियों को दी गई सायबर और महिला अपराधों की जानकारियां



रायगढ़। चंद्रा सामुदायिक भवन वार्ड नंबर 4 जगतपुर रायगढ़ छत्तीसगढ़ में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सायबर जागरूक और यातायात नियमों एवं महिलाओं से संबंधित जानकारी दी गई कार्यक्रम में 40-50 महिलाएं उपस्थिति रही। महिला से संबंधित अपराधए साइबर अपराधए यातायात नियमों तथा आपातकालीन सहायता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़ी सहायता के लिए बच्चों और उपस्थित लोगों को हैलो सिस्टर हेल्पलाइन नंबर 94792 7053 की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि यदि वे स्वयं या उनके आसपास कोई महिला अथवा बच्चा किसी परेशानी, उत्पीड़न, छेड़छाड़ या असुरक्षित परिस्थिति का सामना कर रहा हो तो भरोसेमंद व्यक्ति को जानकारी देने के साथ उपलब्ध सहायता माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है। साथ ही आपात स्थिति में डायल 112 के माध्यम से पुलिस सहायता प्राप्त करने की जानकारी भी दी गई।

साइबर अपराधों की दी गई जानकारी

कार्यक्रम में बढ़ते साइबर अपराधों को देखते हुए बच्चों को मोबाइल फोनए सोशल मीडिया और इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में विशेष रूप से समझाया गया। बच्चों को बताया गया कि अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, किसी अजनबी के साथ निजी जानकारीए फोटोए वीडियो, स्कूल की जानकारी, पता या पासवर्ड साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने, अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गए ऐप डाउनलोड करने या एवं पासवर्ड किसी को बताने से बचने की समझाइश दी गई। बच्चों को यह भी बताया गया कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक, धमकी भरी या परेशान करने वाली गतिविधि सामने आने पर स्क्रीनशॉट सुरक्षित रखकर तत्काल माता.पिता, शिक्षक अथवा पुलिस को जानकारी दें।

प्रधानमंत्री आवास योजना से जिले में बदली हजारों परिवारों की जिंदगी



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ सहित जशपुर जिले में हजारों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

वर्षों से कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों का पक्के घर का सपना साकार हो रहा है। आज जिले के हजारों परिवार पक्की छत के नीचे सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान पीएम-जनमन ने गरीब, जरूरतमंद और विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई है। वहीं, मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप आवास प्लस 2.0 के तहत सर्वे कर छूटे हुए परिवारों को भी पात्रतानुसार योजना का लाभ दिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। योजना का मुख्य उद्देश्य पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है, ताकि वे सुरक्षित और बेहतर जीवन जी सकें। आवास के साथ स्वच्छ पेयजल, बिजली, शौचालय और एलपीजी जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता भी जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वर्षों तक अभावों के बीच जीवन बिताने वाले परिवारों के लिए पक्का मकान किसी सपने से कम नहीं था। कच्चे मकानों की कमजोर दीवारें और जर्जर छतें उनकी परेशानियों को बयां करती थीं। बारिश के दिनों में घरों में पानी भर जाना, घरेलू सामान का भीगना और रातभर जागकर समय बिताना उनकी मजबूरी थी। ऐसे में प्रधानमंत्री आवास योजना ने इन परिवारों को सुरक्षित आशियाना देकर उनके जीवन में खुशहाली और स्थिरता लाने का काम किया है।

शासन की संवेदनशील पहल से हजारों परिवार लाभान्वित

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जशपुर जिले में अब तक 1 लाख 12 हजार 922 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 97 हजार 165 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इन पक्के मकानों में परिवार अपने प्रियजनों के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर रहे हैं। यह उपलब्धि जिले में आवासहीन और जरूरतमंद परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसी प्रकार, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत वर्ष 2023 से 2025 के दौरान जिले में 2, हजार113 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 1 हजार 626 से अधिक आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस योजना से विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों के परिवारों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने में मदद मिली है। जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के परिवार भी पक्के मकानों में रहने का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। सुरक्षित आवास मिलने से उनके जीवन में स्थिरता आई है और परिवारों को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से बेहतर सुरक्षा मिल रही है। पीएम-जनमन योजना का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के परिवारों तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

38 विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने पहल



रायगढ़। रायगढ़ ब्लॉक के बीआरसी भवन में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मापन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रायपुर से आई विशेषज्ञ टीम द्वारा कुल 38 बच्चों का मापन मेजरमेंट किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शारीरिक स्थिति एवं व्यक्तिगत जरूरतों का आकलन कर उन्हें उपयुक्त सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना था। इसके अंतर्गत बच्चों की आवश्यकतानुसार व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, कैलिपर्स एवं अन्य सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए विशेषज्ञ टीम ने उनका मापन किया। कार्यक्रम में सभी विकासखंडों के बीआरपी एवं स्पेशल एजुकेटर उपस्थित रहे। विशेषज्ञ टीम ने बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए माप लिए, ताकि उनके लिए उपयुक्त सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा सकें। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा अभियान, जिला रायगढ़ से एपीसी श्रीमती ज्योत्सना राजपूत फिजियोथेरेपिस्ट श्रीमती रागिनी राठौर तथा बीआरसी मनोज अग्रवाल के निर्देशन एवं संचालन में मापन की प्रक्रिया संपन्न हुई। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए उनकी जरूरत के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उनकी दैनिक गतिविधियों को सुगम बनाने, गतिशीलता बढ़ाने तथा विद्यालयीन गतिविधियों में सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उचित सहायक उपकरण बच्चों को अधिक आत्मनिर्भर बनाने और शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक होंगे। समावेशी शिक्षा की भावना के अनुरूप आयोजित इस शिविर में कुल 38 बच्चों का मापन किया गया।

मंच से उतरकर बुजुर्गों के छुए पैर, जमीन पर बैठकर दी प्रस्तुति

भजन सम्राट षडंगी के गीतों पर मंत्रमुग्ध हुए लोग, गौवंश संरक्षण का संदेश

कोतबा। धर्मनगरी कोतबा के तिलगोगा प्रांगण में पहली बार सार्वजनिक दुर्गा पूजन महोत्सव समिति की ओर से छत्तीसगढ़ लोकगीत गायक भजन सम्राट दिलीप षडंगी के भजन संध्या का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान 'इंसान से इंसान का हो भाईचारा, यही पैगाम हमारा' और 'हम उस देश के वासी हैं, जिस देश में गंगा बहती है' जैसी पंक्तियों के साथ देशभक्ति और धार्मिक एकता के जज्बे को चरितार्थ करते हुए 23 अक्टूबर की रात एक ऐतिहासिक भजन संध्या में तब्दील हो गई। नगरवासियों ने पूरे नगर में केवल एक जगह विधि-विधान से दुर्गा प्रतिमा स्थापित कर, जिस अद्भुत एकता का परिचय दिया है, उसकी हर ओर जमकर तारीफ हो रही है। इसी एकता की मिसाल के बीच सार्वजनिक दुर्गा पूजन महोत्सव समिति के तत्वावधान में तिलगोड़ा प्रांगण में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जसगीत गायक और भजन सम्राट दिलीप षडंगी के भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह संगीतमय कार्यक्रम रात लगभग 9 बजे से शुरू होकर देर रात 2 बजे तक अनवरत चलता रहा, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूमते रहे।



गौवंश के संरक्षण का संदेश

कार्यक्रम का सबसे सशक्त और मर्मस्पर्शी हिस्सा गौवंश के संरक्षण का संदेश रहा। दिलीप षडंगी ने अपने प्रसिद्ध भजन 'हे गोविंद गोपाला' के माध्यम से समाज में गोहत्या रोकने और गौवंश की रक्षा का एक बेहद भावुक और कड़ा संदेश दिया। इस भजन में भगवान कृष्ण से प्रार्थना करते हुए गायों की पीड़ा को गहराई से दर्शाया गया। उन्होंने अपनी आवाज से लोगों को यह याद दिलाया कि सनातन संस्कृति में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए गोवंश पर हो रहे अत्याचारों को रोकना और उनकी रक्षा करना हर व्यक्ति का परम कर्तव्य है। उनके इस सामाजिक-धार्मिक आह्वान ने वहां मौजूद दर्शकों की अंतरात्मा को झकझोर दिया। कार्यक्रम में उस वक्त एक बेहद भावुक पल आया, जब दिलीप षडंगी ने अपनी अद्भुत सादगी का परिचय दिया। अपना लोकप्रिय गीत 'आमा पान के पतरी' गाते हुए वे अचानक मंच से नीचे उतर आए और सीधे आम जनता के बीच पहुंच गए। बिना किसी दिखावे के, उन्होंने जमीन पर बैठकर अपना गीत पूरा किया और वहां मौजूद वृद्ध महिलाओं व बुजुर्गों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। एक दिग्गज कलाकार की इस अप्रत्याशित सादगी को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। गायन के दौरान उन्होंने पारिवारिक मूल्यों पर भी जोर दिया और माता-पिता, बहन तथा पत्नी के सम्मान की बात कहते हुए उन्हें 'दुर्गा', 'संतोषी' और 'लक्ष्मी' का स्वरूप बताया।

नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए बैच के लिए प्रवेश परीक्षा 1 को

जशपुरनगर। जिला प्रशासन जशपुर की ओर से संचालित नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए बैच में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 अक्टूबर से शुरू हो गई है। जिले के युवाओं को विभिन्न राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 26 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

नवसंकल्प शिक्षण संस्थान में नए सत्र के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, छत्तीसगढ़ व्यापम, एसएसबी से संबंधित पटवारी, अमीन एवं छात्रावास अधीक्षक जैसी भर्ती परीक्षाओं तथा कर्मचारी चयन आयोग जीडी परीक्षा की तैयारी के लिए बैच संचालित किए जाएंगे। इसके माध्यम से युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन एवं अध्ययन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। चार केंद्रों में होगी प्रवेश परीक्षा- नए बैच में प्रवेश के लिए परीक्षा एक नवंबर को ऑफलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिले के चार परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव और बगीचा शामिल हैं। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 5 नवंबर को घोषित किया जाएगा। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग 12, 13, 14 एवं 15 नवंबर को आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद 16 नवंबर 2026 से नए बैच की कक्षाएं प्रारंभ होंगी। 50 विद्यार्थियों को मिलेगी निःशुल्क हॉस्टल सुविधा- संस्थान में प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर कुल 50 विद्यार्थियों को निःशुल्क हॉस्टल सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें छात्र एवं छात्राएं दोनों शामिल होंगे। इससे चयनित विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान आवास की सुविधा मिल सकेगी। गूगल फॉर्म से करना होगा आवेदन- अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन गूगल फॉर्म के माध्यम से जमा करना होगा। आवेदन फॉर्म का लिंक प्राप्त करने और प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित जानकारी के लिए अभ्यर्थियों को नवसंकल्प शिक्षण संस्थान के आधिकारिक व्हाट्सऐप एवं टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ने की सलाह दी गई है। जिला प्रशासन जशपुर एवं नवसंकल्प शिक्षण संस्थान द्वारा जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

4

जिले भर के कोटवारों ने खोला मोर्चा
नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की मांग



खबर संक्षेप

17.650 टन कबाड़ से लदा 12 चक्का ट्रक जब्त

रायगढ़। पूंजीपथरा पुलिस ने 17.650 टन स्क्रैप कबाड़ से लदे 12 चक्का ट्रक को जब्त किया है। कबाड़ की अनुमानित कीमत 5 लाख 29 हजार 500 है। वाहन चालक कबाड़ के परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर चोरी का माल होने के संदेह में पुलिस ने ट्रक और कबाड़ को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की। पूंजीपथरा पुलिस को जानकारी मिली कि ट्रक क्रमांक सीजी 13 एलए 2763 में स्क्रैप कबाड़ लोड कर परिवहन किया जा रहा है। पुलिस ने तमनार चौक के पास सड़क पर घेराबंदी कर संदिग्ध ट्रक को रोककर जांच की। चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रमेश यादव, पिता डल्लू यादव उम्र 45 वर्ष निवासी रसूलपुर थाना सरायमीर, जिला आजमगढ़ बताया। ट्रक में लोड स्क्रैप कबाड़ के संबंध में चालक से दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने गवाहों के समक्ष विधिवत जब्ती कार्रवाई करते हुए 17.650 टन स्क्रैप कबाड़, जिसकी अनुमानित कीमत 5,29,500 है, तथा परिवहन में प्रयुक्त 12 चक्का ट्रक को जब्त कर लिया। मामले में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 303,2 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएस की धारा 35,क, 35,ड का उल्लेख करते हुए वैधानिक कार्रवाई की गई है। पूंजीपथरा पुलिस द्वारा अवैध एवं संदिग्ध कबाड़ परिवहन पर निगरानी रखते हुए ऐसी गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी है।

21 अक्टूबर को बकेट संख्या थी 301256 और 24 अक्टूबर को हो गई 451639

दो दिन में बढ़ गया डेढ़ लाख बकेट, 10 फीसदी ज्यादा करना होगा एग्री स्टैक



कृषि विभाग के अधिकारी भी नहीं समझ पा रहे इसकी गणित, हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एग्रीस्टैक की जो गणित है वह अधिकारियों की समझ से भी बाहर हो गई है। कारण दो दिन पहले जो परसेंटेज ऑफ एचीवमेंट 51.68 था वह दो दिन बाद 40.91 हो गया। याने 10.77 फीसदी एचीवमेंट कम हो गया। याने दो दिन में डेढ़ लाख बकेट अचानक से कैसे बढ़ गया यह किसी के समझ में नहीं आ रहा है। काउंट ऑफ बकेट की जो संख्या बीते 21 अक्टूबर को था उसमें 24 अक्टूबर की रिपोर्ट में करीब डेढ़ लाख बढ़ने की बात कही जा रही है। याने 21 अक्टूबर को 3 लाख 1 हजार 256 था वह 24 अक्टूबर को 4 लाख 51 हजार 639 हो गया है। पंजीयन का आंकड़ा बढ़ने से अधिकारियों की परेशानी बढ़ गई है। यह सब ऑनलाइन रिपोर्ट में है, इसके कारण कोई समझ नहीं पा रहा है। याने देखा जाए तो बकेट का जो आंकड़ा है वह काफी उलझ गया है।

एग्रीस्टैक में किसानों का पंजीयन जिसमें जितने किसानों का रकबा है उसकी एंट्री करना है। पूर्व में हर खसरे के साथ हर किसान के नाम की एंट्री जरुरी था, बाद में नंबरदार की एंट्री को भी मान्य किया गया। इससे कुछ राहत मिली थी, लेकिन जैसे ही 23 अक्टूबर की शाम एक रिपोर्ट आई वह अधिकारियों को उलझा दिया। अब समझ नहीं पा रहे हैं कि अचानक से इसमें 1 लाख 50 हजार 383 बकेट की संख्या कैसे बढ़ गई। वर्तमान में जो रिपोर्ट है उसमें बकेट की संख्या 4 लाख 51 ह जार 639 हो गया है। इसमें 1 लाख 84 हजार 764 की एंट्री पूरी हो गई है। याने अभी भी 2 लाख 66 हजार 875 बकेट पेंडिंग है। यह संख्या ही अधिकारियों की दिन की चैन और रातों की नींद छिन लिया है।

सोमवार को होगी समीक्षा

बढ़े हुए बकेट की समीक्षा अब सोमवार को होगी। हालांकि एग्रीस्टैक का काम चल ही रहा है। संख्या बढ़ने से कुछ परेशानी भी बढ़ गई है। अभी खेतों में जाकर एग्री स्टैक किया जा रहा है। हर खसरे की एंट्री की जा रही है। मौके पर जाकर एंट्री करने से खसरा नंबर का भौतिक सत्यापन भी साथ में हो रहा है। इससे राजस्व का रिकार्ड भी अपडेट होने की बात कही जा रही है।

ऐसे है बकेट की संख्या

21 अक्टूबर की स्थिति में	
काउंट ऑफ बकेट	- 301256
क्लेम	-155696
पेंडिंग	- 145560
एचीव	- 51.68
24 अक्टूबर की स्थिति में	
काउंट ऑफ बकेट	- 451639
क्लेम	-184764
पेंडिंग	- 266875
एचीव	- 40.91

दो जुआ फड़ पर रेड 6 जुआरी गिरफ्तार

रायगढ़। कोतवाली पुलिस ने 23 अक्टूबर की रात दो अलग-अलग स्थानों पर जुआ रेड की कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से कुल 9400 रुपए नकद, 52-52 पत्ती की दो ताश गड्डियां तथा दो प्लास्टिक बोरियां जब्त की हैं। दोनों मामलों में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियमए 2022 की धारा 3,2 के तहत कार्रवाई की गई है। पहली कार्रवाई में कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बाउलीकुआं के पास कुछ व्यक्ति रुपए पैसों का दांव लगाकर ताशपत्ती से काट.पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और जुआ खेलते तीन व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम निखिल देवांगन 27 वर्ष, महेश देवांगन 30 वर्ष एवं पुरुषोत्तम देवांगन 31 वर्ष निवासी बाउलीकुआं रायगढ़ बताया। पुलिस ने उनके कब्जे एवं जुआ फड़ से 5,200 रुपए नकद 52 पत्ती ताश तथा एक प्लास्टिक बोरी जब्त की। दूसरी कार्रवाई में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दीनदयाल कॉलोनी ढिमरापुर के पास कुछ व्यक्ति रुपए पैसों का दांव लगाकर काट.पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड के पास अज्ञात युवक का शव मिला

रायगढ़। जूटमिल पुलिस को ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड के पास एक अज्ञात पुरुष का शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी जूटमिल थाना पुलिस एवं एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष प्रतीत हो रही है। मृतक के सीने एवं कंधे पर चोट के निशान पाए गए हैं। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जूटमिल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को सुरक्षित रूप से मरच्युरी में रखवाया है। अज्ञात मृतक की पहचान एवं उसके परिजनों का पता लगाने के लिए मृतक के फोटोग्राफ्स सीमावर्ती जिलों की पुलिस तथा विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों पर प्रसारित किए गए हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की अपील यदि कोई व्यक्ति मृतक को पहचान कर सकता है।

पुलिस की कार्रवाई में बाधा डालना पड़ा भारी, 3 महिलाएं समेत 4 गिरफ्तार

रायगढ़। जिले में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस से हुज्जतबाजी और शासकीय कार्य में बाधा डालने के मामले में जूटमिल पुलिस ने तीन महिलाओं और एक युवक सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने शराब रेड के दौरान प्रशिक्षु उप निरीक्षक दिव्या बंजारे के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की की। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर



भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर की रात जूटमिल पुलिस को ग्राम गढ़उमरिया निवासी पिताम्बर उर्फ फुंदु लहरे के अवैध रूप से शराब बनाकर बेचने की सूचना मिली थी। इसके बाद प्रशिक्षु उप निरीक्षक दिव्या बंजारे के नेतृत्व में पुलिस टीम गांव पहुंची और गवाहों की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की। इसी दौरान थैला लेकर भागने की कोशिश कर रहे पिताम्बर लहरे को पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से 180 एमएल की बोतलों में भरी देशी मसाला शराब के 66 पावए कुल 11.880 बल्क लीटर, और शराब बिक्री के 400 रुपए बरामद हुए। जब्त शराब की कीमत 5,600 रुपये बताई गई है। जब्त शराब की कार्रवाई और वीडियोग्राफी के दौरान पिताम्बर ने पुलिस के कब्जे से निकलकर भागने का प्रयास किया। इसी बीच घर की महिलाओं के पहुंचने के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि बीना लहरे, दुमेश्वरी लहरे और रजनी मिरी ने पुलिस टीम के साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली।





खबर संक्षेप



दशहरा महोत्सव में डांस स्पर्धा का आयोजन

कोसीर। ग्राम नौरंगपुर में विजयदशमी के अवसर पर दशहरा महोत्सव एवं सांस्कृतिक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर मंच पर उपस्थित रही श्रीमती हेमा बसंत जनपद सदस्य, श्रीमती अंजू ऋषिकेश पटेल जनपद सदस्य, डॉ. हरिहर जायसवाल जिला पंचायत सदस्य, विश्वनाथ बसंत जिला मंत्री, अनुसूचित जाति मोर्चा, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ पूर्व सरपंच, शिवम चंद्रा मंडल महामंत्री, कोसीर, रामनारायण पटेल सरपंच प्रतिनिधि, नौरंगपुर, श्रीमती मीनाक्षी पटेल पंच, सुदर्शन चौहान जिला महामंत्री, अजा मोर्चा रविन्द्र पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष, मिलन साहू महामंत्री सालर मल्दा, ऋषिकेश पटेल अध्यक्ष सोसाइटी संघ सारंगढ़ एवं सोसाइटी अध्यक्ष नौरंगपुर, दिलीप साहू अध्यक्ष किसान मोर्चा, सालर मल्दा, सदन चौहान पूर्व सरपंच व मंडल अध्यक्ष, अजा मोर्चा सालर मल्दा, देवनाथ साहू, जिला संरक्षक साहू समाज किंकरमणि पटेल मंडल कार्यसमिति सदस्य, प्रकाश तिवारी, कृष्णकांत पटेल पंच प्रतिनिधि कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

जिला अस्पताल में लगा कैंसर जांच शिविर

रायगढ़। कैंसर की समय पर पहचान, जांच और उचित उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय, रायगढ़ में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में आयोजित शिविर में रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शहर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में बताया गया कि कैंसर की शुरुआती अवस्था में पहचान होने से उपचार अधिक प्रभावी हो सकता है। शरीर में गांठ या सूजन, लंबे समय तक ठीक न होने वाला घाव, मुंह में सफेद या लाल धब्बे, बिना कारण वजन कम होना, खून आना या लगातार खांसी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल, मेडिकल ऑन्कोलॉजी एवं हेमेटोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. नवीन जैन तथा सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. रुचिर धाकड़, डॉ.राहुल पाण्डेय, डॉ.सुरेन्द्र पटेल एवं डॉ. उमेश चंद्रा ने मरीजों को परामर्श दिया। चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार जांच की और जरूरत के मुताबिक आगे की जांच, उपचार के विकल्पों तथा उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी दी। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

26 को मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की बैठक

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, अर्हता तिथि 1 जनवरी के अंतर्गत जिले में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की जा रही है। इसके तहत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15 लैलूंगा, 16 रायगढ़, 18.खरसिया एवं 19 धरमजयगढ़ से मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इस संबंध में 26 अक्टूबर सोमवार को शाम 4 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण से संबंधित प्रस्तावों पर चर्चा की जाएगी। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सर्वसंबंधितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है।

चार प्रमुख मांगों को लेकर उठाई आवाज

जिले भर के कोटवारों ने खोला मोर्चा नियमितीकरण और वेतन वृद्धि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कोटवारों की लंबित मांगों को लेकर कोटवार एसोसिएशन ने शासन से समस्याओं के निराकरण की मांग की है। संगठन ने सीएम और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कोटवारों को नियमित करने, राजस्व विभाग में संविलियन करने और मासिक पारिश्रमिक बढ़ाकर कम से कम 15 हजार करने की मांग उठाई है। इस प्रदर्शन में रायगढ़ जिले के सैकड़ों कोटवारों ने शामिल होकर सरकार से मांगे पूरी करने की मांग की।

संगठन का कहना है कि कोटवार लंबे समय से शासन और ग्रामीण जनता की सेवा कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें शासकीय कर्मचारी का दर्जा नहीं मिला है। इससे उन्हें बीमा, पेंशन और ग्रेच्युटी जैसी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कम पारिश्रमिक के कारण उनके सामने आर्थिक संकट भी बना हुआ है। कोटवार एसोसिएशन ने अपनी मांगों में कोटवारों को नियमित कर राजस्व विभाग में संविलियन करने, महंगाई के अनुपात में पारिश्रमिक बढ़ाकर न्यूनतम 15 हजार रुपए मासिक करने और पारिश्रमिक निर्धारण की चार वर्गों वाली व्यवस्था समाप्त कर सभी को समान श्रेणी में रखने की मांग की है। इसके अलावा, संगठन ने कोटवारों की नियुक्ति में कथित मनमानी पर रोक लगाने और परंपरागत व्यवस्था के तहत रिक्त पदों पर संबंधित कोटवार परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता देने की मांग की है। संगठन का आरोप है कि नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव के कारण कई परिवारों को न्यायालयीन प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ रहा है।



ज्ञापन सौंपते कोटवार संघ के पदाधिकारी।

शहरी क्षेत्रों में नियुक्ति पर प्रतिबंध हटाने की मांग

एसोसिएशन ने नगर पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम क्षेत्रों में कोटवारों की नियुक्ति पर लगे प्रतिबंध को हटाने की भी मांग की है। संगठन के अनुसार, शहरी सीमा में शामिल हो चुके गांवों में कोटवारों के पद रिक्त होने पर नई नियुक्तियां नहीं होने से संबंधित परिवार प्रभावित हो रहे हैं। यदि शहरी क्षेत्रों में कोटवार पदों पर नियुक्ति संभव नहीं है, तो प्रभावित परिवारों के सदस्यों को वैकल्पिक पदों पर नियुक्ति दी जाए अथवा उनकी धारित सेवा भूमि से बेदखल नहीं किया जाए।

घरघोड़ा में 1 नवंबर से पॉलीथिन पानी पाउच बैन

सामग्री जब्त कर लगेगा जुर्माना, दुकानदारों से मौजूदा स्टॉक खत्म करने कहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर पंचायत घरघोड़ा ने पॉलीथिन कैरी बैग और पानी पाउच के उपयोग, बिक्री एवं वितरण पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह प्रतिबंध 1 नवंबर से लागू होगा। इसके बाद प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग या बिक्री करते पाए जाने पर जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत की इस पहल का उद्देश्य शहर में प्लास्टिक कचरे को कम करना और स्वच्छता बनाए रखना है।

नगर पंचायत परिषद की बैठक में पारित संकल्प के आधार पर पॉलीथिन और प्लास्टिक कचरा सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी बढ़ाने के साथ नालियों में रुकावट पैदा करता है, जिससे जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है। परिषद द्वारा थोक व्यापारियोंए वितरकों, आपूर्तिकर्ताओं और निर्माताओं को नगर पंचायत क्षेत्र में प्रतिबंधित सामग्री का भंडारण, परिवहन और आपूर्ति नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुकानदारों, व्यापारियों, होटल रेस्टोरेंट संचालकों, भोजनालय संचालकों और साप्ताहिक हाट बाजार के विक्रेताओं से 1 नवंबर से पहले पॉलीथिन कैरी बैग और पानी पाउच का मौजूदा स्टॉक खत्म करने या वापस करने की अपील की गई है। प्रतिबंध लागू होने के बाद इनका नया स्टॉक मंगाने और ग्राहकों को वितरित करने पर रोक रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने पर प्रतिबंधित सामग्री जब्त करने के साथ जुर्माना लगाया जाएगा।

फर्जी जाति प्रमाण पत्र से योजनाओं का लाभ, दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जांजगीर-चांपा। कूटरचित दस्तावेजों के सहारे फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाकर शासन की योजनाओं का लाभ लेने का मामला सामने आया है। थाना जांजगीर पुलिस ने जितेंद्र बघेल और बैजनाथ बघेल के खिलाफ धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि जितेंद्र बघेल ने खुद को ग्राम मसान निवासी फूल सिंह कंवर का पुत्र बताकर तहसील जांजगीर से जाति व आय प्रमाण पत्र बनवा लिया।

विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्णः तोमर





रायगढ़। युवाओं की प्रतिभा, विचारों और रचनात्मक ऊर्जा को देश प्रदेश के विकास से जोड़ने तथा विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को रायगढ़ में यवा उड़ान 2026 का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पंजरी प्लांट स्थित संत बाबा प्रियदर्शी राम ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मां शारदा, छत्तीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के सामने विधिवत दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि युवाओं की प्रतिभाए विचारों और रचनात्मक ऊर्जा को देश प्रदेश के विकास से जोड़ना युवा उड़ान 2026 का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने विकसित भारत के लिए युवा शक्ति का योगदान का जिक्र करते हुए कहा जब तक युवा अपने कंधे पर देश को आगे ले जाने की जिम्मेदारी नहीं लेगा, तब तक विकसित भारत का सपना पूरा नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन है कि युवा सिर्फ नौकरी मांगने वाला न बने, बल्कि नौकरी देने वाला, स्टार्टअप वाला, इनोवेशन वाला बने। यह कार्यक्रम बीजापुर से शुरू होकर बलरामपुर तक प्रदेश के सभी 33 जिलों में आयोजित किया जा रहा है। रायगढ़ में भी बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें भाग लिया। अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से युवाओं के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी साझा की जा रही है।

तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं अजजा आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष

रायगढ़। छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी कैबिनेट मंत्री दर्जा एवं उपाध्यक्ष एमडी ठाकुर राज्यमंत्री दर्जा 26 से 28 अक्टूबर तक रायगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे आदिवासी समाज के प्रमुखों से भेंट मुलाकात करेंगे तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण करेंगे। साथ ही जनजातीय समुदाय से जुड़े विभिन्न विषयों पर अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार आयोग के अध्यक्ष मंडावी एवं उपाध्यक्ष श्री ठाकुर 26 अक्टूबर को शाम 4 बजे कोरबा जिले के ग्राम आमाडाढ़ से प्रस्थान कर शाम 6 बजे धरमजयगढ़ पहुंचेंगे। यहां वे आदिवासी समाज के प्रमुखों से भेंट मुलाकात करेंगे तथा रात्रि विश्राम धरमजयगढ़ में करेंगे।

विजयादशमी पर रावण दहन और पद्मश्री अनुज शर्मा नाइट का हुआ आयोजन

खरसिया। विजयादशमी के पावन अवसर पर इस बार भी अध्यक्ष रूपेश सराफ के नेतृत्व में रावण दहन और छत्तीसगढ़ी नाइट का सफल आयोजन हुआ इसके अगले दिन राम राज्य गद्दी के पावन अवसर पर हजारों लोगों की उपस्थिति में पद्मश्री अनुज शर्मा नाइट का बेहतरीन आयोजन किया गया।

इस महोत्सव में नपा अध्यक्ष कमल गर्ग, छाया विधायक महेश साहू, छग चैम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक मंडी, नगरपालिका के सभी पार्षदों, एल्डरमैनों, पत्रकारों और क्षेत्र के प्रबुद्धजनों की विशेष उपस्थिति रही। छत्तीसगढ़ के सुपरस्टार और धरसीवां विधायक अनुज शर्मा ने अपनी मनमोहक छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति से हजारों दर्शकों की भीड़ को देर रात तक झूमने पर मजबूर कर दिया। इनकी प्रस्तुति ने लोक संस्कृति और कला के माध्यम से दर्शकों का मन मोह लिया। श्रोता देर रात तक जमे रहे और कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ उठाया। पार्षद राधे राठौर के आठ वर्षीय रॉकी राठौर ने अनुज शर्मा के साथ लोकप्रिय छत्तीसगढ़ी गीत आइसक्रीम खा के फरार हो गे पर सुर में सुर मिलाते हुए शानदार प्रस्तुति दी।



पुलिस की रही चाक चौबंद व्यवस्था

एसडीओपी सतीश भार्गव के मार्गदर्शन और चौकी प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक.चौबंद रही। पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी का ही परिणाम रहा कि हजारों की भीड़ ने अनुज शर्मा नाइट का लुत्फ उठाया। नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने रामराज गद्दी के अवसर पर अनुज शर्मा नाइट के सफल एवं यादगार आयोजन के लिए विजयादशमी समिति सहित अपना अमूल्य योगदान देने वाले समस्त अंचल वासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

जिला चिकित्सालय में गर्भवती महिलाओं को मिल रही सोनोग्राफी की सुविधा



कटेली। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में गर्भवती महिलाओं को नियमित रूप से निःशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के फलस्वरूप आज की स्थिति में कुल 1,070 गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क सोनोग्राफी सेवा प्रदान की जा चुकी है, जो अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं पर आम जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। जिला चिकित्सालय में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रानू मनहर द्वारा प्रति सप्ताह दो दिन प्रत्येक गुरुवार एवं शनिवार को गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है। व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए स्टाफ नर्स उर्वशी सिदार द्वारा सोनोग्राफी हेतु आने वाली गर्भवती महिलाओं की व्यवस्थित लाइन लिस्टिंग सुनिश्चित की जाती है। सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि स्थानीय स्तर पर नियमित एवं निःशुल्क सोनोग्राफी की उपलब्धता से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समय पर डायग्नोसिस पहचान करने में सफलता मिल रही है।

सरस्वती शिशु मंदिर में विभाग स्तरीय बैठक आचार्यों और प्रांतीय पदाधिकारी हुए शामिल

सरिया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नैतिक शिक्षा भारतीय परंपराओं पर आधारित योजनाओं को बढ़ावा देना और आने वाले दिनों के लिए कार्यक्रम, खेलकूद प्रतियोगिता व शिक्षक प्रशिक्षण व शालेय गतिविधि को लेकर बैठक संपन्न हुआ। जिसमें प्रांत स्तरीय पदाधिकारी भी शामिल हुए। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय बरमकेला में शनिवार को विभाग स्तरीय एक दिवसीय बैठक का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विद्या भारती संस्थान के अंतर्गत आयोजित होने वाली इस प्रकार की संगठनात्मक बैठकों का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और विद्यालयीन गतिविधियों की समीक्षा करना था। प्रदेश भर में आयोजित प्रांत स्तरीय के बैठक को तीन चरणों में विभक्त किया गया है। प्रथम चरण का



बैठक आज बरमकेला में भी संपन्न हुआ। जिसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं रायगढ़ जिले के सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबंध समिति और आचार्य उपस्थित रहे। बैठक प्रांतीय पदाधिकारियों की विशेष उपस्थित और मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सरस्वती शिशु मंदिर बरमकेला के प्रांगण में आयोजित बैठक में सामान्य अतिथियों में विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

आत्मनिर्भरता की राह महिलाएं ई-रिक्शा चलाने की ले रहे ट्रेनिंग



रायगढ़। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उन्हें कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में नगर निगम रायगढ़, श्रम विभाग एवं आरटीओ द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी कड़ी में आज ई रिक्शा योजना के तहत महिला हितग्राहियों को ई रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस पहल से महिलाएं ई रिक्शा संचालन में दक्ष होकर रोजगार के नए अवसरों से जुड़ सकेंगी और आर्थिक रूप से सशक्त बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहानए सभापति डिग्री लाल साहू एवं नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला हितग्राहियों को ई रिक्शा चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए तैयार करना तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।

नौ दिनों तक चली निःशुल्क चिकित्सा सेवा की बयार

अदाणी ने लगाया शिविर, 687 श्रद्धालुओं का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ चंद्रहासिनी देवी मंदिरए चंद्रपुर में आस्था और सेवा का एक अनूठा संगम देखने को मिला। अदाणी पावर लिमिटेड रायगढ़ की सामाजिक सरोकार इकाई अदाणी फाउंडेशन की ओर से मंदिर परिसर में 11 से 19 अक्टूबर तक नौ दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं प्राथमिक उपचार शिविर का आयोजन किया गया।

इस पुनीत पहल के माध्यम से मेले में देश-प्रदेश से पहुंचे कुल 687 श्रद्धालुओं को त्वरित, सुलभ और उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिनमें 504 पुरुष और 183 महिलाएं शामिल रहीं। इस शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि आशीष पटेल तहसीलदार, डभरा, ओमप्रकाश देवांगन अध्यक्ष, नगर पंचायत चंद्रपुर, तिलेस माली मंडल अध्यक्ष, मोहन विश्वकर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी, दिनेश नायक जिला समन्वयक, गौरी शंकर गुप्ता एवं गिरजा यादव एल्डरमैन तथा मंदिर न्यास के वरिष्ठ पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। शिविर में डॉ. उरांव के कुशल मार्गदर्शन में समर्पित मेडिकल टीम ने चौबीसों घंटे अपनी सेवाएं दीं। महानदी के तट पर उमड़े जनसैलाब के बीच श्रद्धालुओं को न केवल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श मिला, बल्कि आवश्यक दवाइयों का भी मुफ्त वितरण किया गया। शिविर में लंबी दूरी तय कर पहुंचे 187 मरीजों को तात्कालिक राहत दी गई। इसके अलावा सर्दी, खांसी और मौसमी बुखार के 136 मरीजों का उपचार किया गया। वहीं, सफर और उपवास के कारण थके 130 मरीजों को भी मेडिकल सपोर्ट मिला। साथ ही, 106 मरीजों की बीपी, शुगर और घाव की ड्रेसिंग की गई, जबकि त्वचा रोग के 62 और गैस्ट्रो के 44 मरीजों का भी निदान हुआ।



